Synergy

BSES Rajdhani Power Ltd
Yamuna Power Ltd
...a joint venture with GONCTD

नवम्बर – दिसम्बर 2009

बीएसईएस की ओर से आपको ईद, क्रिसमस और नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं

नए सीईओ

बीआरपीएल सीईओ : श्री गोपाल सक्सेना (59) ने दो साल पहले बीएसईएस जॉइन किया था और अगस्त, 2007 में उन्हें बीवाईपीएल का मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) बनाया गया। वह आईआईटी कानपुर और एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज ऑफ इंडिया (एएससीआई) के एल्युमनाई रहे हैं, और उनके पास कोर व इंफ्रास्ट्रक्चर इंडस्ट्रीज में काम करने का 35 वर्षों से भी अधिक का अनुभव है। उन्होंने एसीसी– बैबकॉक, डीसीएम और एस्सार में भी महत्वपूर्ण पदों पर काम किया है।

बीवाईपीएल सीईओ : श्री रमेश नारायणन (49) ने 2002 में बीएसईएस जॉइन किया था और कंपनी में कई अतिमहत्वपूर्ण विभागों व कार्यों के प्रमुख रहे हैं। सीनियर वाइस प्रेजिडेंट के तौर पर उन्होंने महत्वपूर्ण पावर मैनेजमेंट ग्रुप तथा ऑपरेशंस व मेंटेनेंस विभागों के प्रमुख की जिम्मेदारी निभाई। वह दिल्ली कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग और दिल्ली युनिवर्सिटी के एल्युमनाई रहे हैं, जहां से उन्होंने एमबीए किया। श्री नारायणन के पास 27 वर्षों का विशाल अनुभव है। उन्होंने नैशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन, पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन, थापर्स और इलेक्ट्रिसाइट डे फ्रांस (सीडीएफ) में भी काम किया है।

ताकि उपभोक्ताओं को हो आसानी

अपने उपभोक्ताओं से मिले फीडबैक के आधार पर, हमने उन्हें बिल भुगतान के कई विकल्प उपलब्ध कराए हैं। वे 2000 से अधिक स्थानों पर भुगतान कर सकते हैं। निम्नलिखित माध्यमों से बीएसईएस बिलों का भुगतान किया जा सकता है:

बीएसईएस के 152 कैश काउंटर – इन काउंटरों पर सभी कार्यदिवसों में सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक 4000 रूपये तक नकद और चेक के माध्यम से भुगतान किया जा सकता है।

250 जीवन सेंटर – दिल्ली सरकार के सान्निध्य में ये सेंटर सुबह 8 से रात 8 बजे तक खुले रहते हैं।

बिल भुगतान कियॉस्क – सभी डिविजन ऑफिसों में, सुबह 8 से रात 8 बजे तक भुगतान स्वीकार किए जाते हैं।

नेट बैंकिंग – आपके नेट बैंकिंग अकाउंट्स के माध्यम से भुगतान स्वीकार किए जाते हैं।

क्रेडिट कार्ड – आपके क्रेडिट काड्र्स के माध्यम से भुगतान।

बीएसईएस ड्रॉप बॉक्स – ये बॉक्सेज मेट्रो स्टेशनों, आरडब्ल्यूए ऑफिसों और बाजारों में लगे हैं, जहां चेक के माध्यम से भुगतान संभव।

EASY BILL

ईजी बिल आउटलेट – 1000 से अधिक ईजी बिल आउटलेट्स पर चेक भुगतान स्वीकार।

Itz Cash

इट्ज कैश कार्ड – इट्ज कार्ड कूपनों के माध्यम से www.bsesdelhi.com पर भुगतान किया जा सकता है। यहां आपको रियल टाइम ऑनलाइन सूचना मिलेगी और साथ ही मिलेगा ट्रांजेक्शन नंबर भी।

डाक से चेक – आप अपने भुगतान का चेक या ड्राफ्ट डाक या कूरियर के माध्यम से भेज सकते हैं। बीआरपीएल के उपभोक्ता कस्टमर केयर सेंटर, बीएसईएस भवन, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली को अपना चेक/ ड्राफ्ट भेज सकते हैं, जबकि बीवाईपीएल के उपभोक्ता कमरा नंबर– 118, प्रथम तल, शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़डूमा, दिल्ली को भेज सकते हैं।

फोन/ ईसीएस से भुगतान – एसएमएस, फोन, इंटरनेट और ऑटो डेबिट माध्यमों से भी भुगतान किया जा सकता है। इन सेवाओं के लिए पहले रजिस्ट्रेशन कराना होता है।

भुगतान सेंटरों के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए हमारे वेबसाइट www.bsesdelhi.com पर लॉगऑन करें। एसएमएस के माध्यम से अपने भुगतान की कन्फर्मेशन चाहिए, तो आप इस वेबसाइट पर अपने मोबाइल नंबर को रजिस्टर कर सकते हैं। किसी भी जानकारी या जिज्ञासा के लिए आप हमारे डिविजन ऑफिसों में कस्टमर केयर सेंटर पर संपर्क करें या फिर हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करें।

अपना कनेक्टेड लोड सही करें

बिजली वितरण तंत्र में किसी कमजोर कड़ी के कारण बिजली की समस्या होती है। इस कमजोर कड़ी की वजह से बिजली आपूर्ति प्रभावित हो सकती है और यहां तक कि पूरा नेटवर्क भी लड़खड़ा सकता है। और, यह कमजोर कड़ी हमेशा बिजली की कमी या अंडर/ लो फ्रिक्वेंसी ही नहीं है। ऐसा ओवर ड्रॉवल/ लोडिंग की वजह से भी हो सकता है।

आप सोच रहे होंगे कि ओवर लोडिंग/ ड्रॉवल आखिर है क्या। इसे इस तरह समझते हैं। मान लीजिए आपके पास 2 किलोवॉट का बिजली कनेक्शन है। समय के साथ आपकी जीवनशैली बदलती है और आप अधिक बिजली की खपत करने वाले उपकरण, जैसे एयर कंडीशनर, गीजर, ब्लोआर आदि ले आते हैं। लेकिन आपने अपना सैंक्शंड लोड 2 किलोवॉट से बढ़ाकर 7 या 10 किलोवॉट नहीं करवाया। इससे हमारे नेटवर्क पर जबरदस्त तवान तो बढ़ता ही है, जिससे ट्रिपिंग होती है व बिजली गुल होती है, साथ ही यह सुरक्षा के लिए भी बड़ा खतरा है।

हम अपने उपभोक्ताओं के द्वारा बताए गए लोड (जितनी मात्रा में बिजली की जरूरत है) के आधार पर ही अपने नेटवर्क का डिजाइन करते हैं और उसी के आधार पर नेटवर्क को अपग्रेड भी करते हैं। इसीलिए हम आपसे अनुरोध करते हैं कि आपको जितना लोड चाहिए, या आपको जितना लोड बढ़वाना है, कृपया उसकी सही घोषणा करें। यदि आपके बिल के पीछे कंजप्शन डिटेल सेक्शन में मैक्सिमम लोड इंडिकेटर (एमडीआई) दर्शाया गया है, तो 39999707 या 39999808 पर कॉल करें।

हम सुन रहे हैं... डायल कीजिए
बीआरपीएल – 39999707
बीवाईपीएल – 39999808